जनम लियो गोपाल | By Bhawna Lakwal

जनम लियो गोकुल में गोपाल
ब्रज में खुशियां हैं छायी
खुशियां हैं छायी बिरज में खुशियां हैं छायी
जनम लियो गोकुल में .....

छवि सलोनी श्याम की देखो ऐसी सुखदाई
नन्द बाबा और यशोदा माता देख के हर्षाई
जनम लियो गोकुल में .....

रूप सलोना ऐसा मोहना और कहीं नाही
जादू सा कुछ है श्याम के नैनन के माहि
जनम लियो गोकुल में .....

नंदलाला तेरी झांकी मोहन ऐसी मन भाई
राज चले इस दिल पे केवल तेरो हरजाई
जनम लियो गोकुल में .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a4%ae-%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a5%8b-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%b2-by-bhawna-lakwal/